*वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त का दो दिवसीय जयपुर दौरा*
*ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्था पर संतोष जताया*
*सीईओ ने सभी जिलों में ईवीएम गोदामों में व्यवस्था पर रिपोर्ट मांगी*

जयपुर, 21 अप्रैल. राजस्थान के सभी जिलों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रख रखाव और सुरक्षा व्यवस्था के सभी मापदंडों की कड़ाई से पालना करने के निर्देश दिए गए हैं. भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त श्री मनीष गर्ग द्वारा जयपुर में ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया. उन्होंने वेयरहाउस में वोटिंग मशीनों की बेहतरीन सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया. इसके उपरांत राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को ईवीएम वेयरहाउस पर सुरक्षा मानकों की पालना पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं.
श्री महाजन के निर्देशानुसार, सभी डीईओ आयोग के सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित होने की पालना रिपोर्ट 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करेंगे.
जयपुर ईवीएम वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान श्री गर्ग ने बताया कि आयोग के मानकों के अनुसार ईवीएम गोदामों में निम्न व्यवस्था होना आवश्यक है

1. निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति आवश्यक रूप से सुनिश्चित हो.
2. जिला निर्वाचन अधिकारी मासिक और त्रिमासिक आधार पर स्वयं निरीक्षण करें.
3. वेयरहाउस के गेट पर ताले और सील की निरीक्षण के दौरान जांच की जाए.
4. सीसीटीवी कैमरों का संचालन दुरुस्त किया जाए और फुटेज का लिंक पुलिस गार्डरूम में उपलब्ध कराया जाए.
5. सभी अग्निशमन यंत्रों की जांच की जाए और उनके रखरखाव की अंतिम तिथि के अनुरूप समय पर  जांच होना सुनिश्चित किया जाए .
6. ईवीएम वेयरहाउस में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए.

सीईओ श्री महाजन ने निर्देश दिए हैं कि सभी डीईओ स्वयं ईवीएम गोदामों का निरीक्षण कर 30 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें.